नकली शराब बेचने वालों के खिलाफ आबकारी का एक्शन, तीन लोगों को किया गिरफ्तार - 3 ARRESTED IN FAKE LIQUOR CASE

सिरोही: जिले के आबकारी विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में शराब की दुकान पर नकली शराब बेचने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. जिन्हें बुधवार को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है. तीनों आरोपियों की निशानदेही पर आबकारी पुलिस टीम के साथ अजमेर रवाना हुई है. जहां नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री के बारे में पता लगाया जा रहा है. साथ ही मामले में शामिल गिरोह के अन्य लोगों की तलाशी भी की जा रही है.

आबकारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कंपोजिट मदिरा दुकान डेरना में नकली शराब बिक्री की जा रही है. मौके पर जाकर दबिश दी. जांच में पता लगा कि दुकान और गोदाम में 8 कॉर्टन नकली मदिरा बरामद हुई. 35 कॉर्टन बियर के कैन अवधिपार पाई गई. घटना के बाद आबकारी विभाग ने नकली शराब को जब्त किया. दुकान काम कर रहे सेल्समैन से पूछताछ की, तो उसने बताया कि दुकान पर नकली शराब संचालनकर्ता देवप्रकाश भंवरिया उर्फ नाथूराम व गोविंद सिंह सप्लाई करते हैं.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/!state/excise-action-against-those-selling-fake-liquor-three-people-arrested-in-sirohi-rajasthan-news-rjs24121805454